# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 28·8·26 | 5 | 7-8 |

## लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें युवा : वीसी



एचएयू में कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज एवं अन्य। स्रोत : आयोजक

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में खेलो इंडिया संवाद–खेल की बात, प्रधानमंत्री मोदी के साथ वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज ने कहा कि युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। शिक्षा के साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। बॉक्सर निश्चल ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। मंच संचालन अन्नु शर्मा ने किया, जबकि डॉ. चंद्रशेखर डागर ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। ब्यूरो

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि · भूमि | 28·8·26 | 12 | 2-6 |

## हकृवि में खेल दिवस पर दौड़े खिलाड़ी, क्रिकेट में दिखा जोश

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के शहीद उधम सिंह क्रिकेट स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित खेल समारोह में विद्यार्थियों ने दमखम दिखाया। छात्र-छात्राओं के लिए क्रॉस कंट्री रेस आयोजित की गई, जबकि विद्यार्थियों और स्टाफ के बीच क्रिकेट मैच में भी खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेलों को भी प्राथमिकता देना जरूरी है। खेल केवल शारीरिक फिटनेस तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित होता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ नियमित खेल और शारीरिक गतिविधियों को जीवन का हिस्सा बनाकर ही स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ समाज की मजबूत नींव रखी जा सकती है।




हिसार। राष्ट्रीय खेल दिवस प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कृत करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

### क्रॉस कंट्री रेस में अर्श और दामिनी ने हासिल किया पहला स्थान

क्रॉस कंट्री रेस में भी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्र वर्ग में अर्श ने प्रथम, हर्ष ने द्वितीय और सचिन ने तृतीय स्थान हासिल किया। छात्रा वर्ग में दामिनी प्रथम, पूजा द्वितीय और प्रियांशु तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय स्टाफ के बीच क्रिकेट मैच आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ हिस्सा लिया। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने भी क्रिकेट मैच में शॉट लगाकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा आदि मौजूद रहे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 28.8.26 | 4 | 7-8 |

# हकृवि में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित



विजेता को पुरस्कृत करते कुलपति।

हिसार, 27 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के शहीद उधम सिंह क्रिकेट स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. बलदेव राज कम्बोज ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान छात्र एवं छात्राओं की क्रॉस कंट्री रेस तथा विद्यार्थियों एवं स्टाफ के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। कुलपति प्रो काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि 'खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी है। क्रॉस कंट्री रेस (छात्र) में अर्श ने प्रथम, हर्ष ने द्वितीय तथा सचिन ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार क्रॉस कंट्री रेस (छात्राओं) में दामिनी प्रथम, पूजा द्वितीय तथा प्रियांशु तीसरे स्थान पर रही। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 28.8.26 | 4 | 4-5 |

## एचएयू: खेलो इंडिया संवाद का वर्चुअल आयोजन



**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में खेलो इंडिया संवाद—खेल की बात, प्रधानमंत्री मोदी के साथ'' वर्चुअल कार्यक्रम हुआ। कुलपति बलदेव राज काम्बोज की मौजूदगी में युवाओं और खिलाड़ियों से संवाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेल, फिटनेस, युवा नेतृत्व और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विचार रखे। उन्होंने खेल को जीवन का हिस्सा बनाने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को कहा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरियाणा मेल | 28.8.26 | 7 | 3-5 |

# खेलो इंडिया संवाद में पीएम ने युवाओं को दिया फिटनेस और खेलों का संदेश

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में 'खेलो इंडिया संवाद—खेल की बात, प्रधानमंत्री मोदी के साथ' कार्यक्रम का वर्चुअल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं और खिलाड़ियों से संवाद करते हुए खेलों के महत्व, फिटनेस, युवा नेतृत्व और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विचार साझा किए। उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने देश में खेल सुविधाओं के विस्तार, उभरती प्रतिभाओं को अवसर देने और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को तैयार करने पर भी जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मेजर ध्यानचंद के योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को स्वस्थ और सशक्त बनाने के साथ देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने फिट इंडिया, नशामुक्ति और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। शिक्षा के साथ खेलों में भाग लेना भी सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। कार्यक्रम में बॉक्सर निश्चल ने भी विचार रखे। प्रतिभागियों को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। मंच संचालन अन्नु शर्मा ने किया, जबकि डॉ. चंद्रशेखर डागर ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 28.8.26 | 7 | 1-4 |

# सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी दें प्राथमिकता : प्रो. बलदेव राज काम्बोज

## छात्र एवं छात्राओं की क्रॉस कंट्री तथा विद्यार्थियों एवं स्टाफ का क्रिकेट मैच आयोजित

हिसार, 27 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के शहीद उधम सिंह क्रिकेट स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. बलदेव राज कम्बोज ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान छात्र एवं छात्राओं की क्रॉस कंट्री रेस तथा विद्यार्थियों एवं स्टाफ के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। कुलपति प्रो काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई जाती है। खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण



विजेता को पुरस्कृत करते कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज।

विकास के लिए शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे नियमित खेल गतिविधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं शारीरिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारियों में खेल भावना, शारीरिक फिटनेस तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समय-समय पर खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों से जुडने का आह्वान करते हुए कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी बढ़ चढ़कर भाग लें। कुलपति ने बताया कि स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ समाज के निर्माण में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का भी अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के खिलाडियों ने राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करके देश का नाम रोशन किया है। क्रॉस कंट्री रेस (छात्र) में अर्श ने प्रथम, हर्ष ने द्वितीय तथा सचिन ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार क्रॉस कंट्री रेस (छात्राओं) में दामिनी प्रथम, पूजा द्वितीय तथा प्रियांशु तीसरे स्थान पर रही। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा ने मंच का संचालन एवं धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय और साई के अधिकारी, कोच सहित कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय**

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 27.08.2026 | ----- | ---- |

# क्रॉस कंट्री रेस में अर्श रहा अव्वल

नभ-छोर न्यूज ▶▶ 27 अगस्त

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के शहीद उधम सिंह क्रिकेट स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. बलदेव राज कम्बोज ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान छात्र एवं छात्राओं की क्रॉस कंट्री रेस तथा विद्यार्थियों एवं स्टाफ के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। कुलपति ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई जाती है। खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे नियमित खेल




गतिविधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। क्रॉस कंट्री रेस (छात्र) में अर्श ने प्रथम, हर्ष ने द्वितीय तथा सचिन ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार क्रॉस कंट्री रेस (छात्राओं) में दामिनी प्रथम, पूजा द्वितीय तथा प्रियांशु तीसरे स्थान पर रही। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा ने मंच का संचालन एवं धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 27.08.2026 | ----- | ---- |

p


# हकृवि में खेलो इंडिया संवाद-खेल की बात, प्रधानमंत्री मोदी के साथ कार्यक्रम आयोजित

**समस्त हरियाणा न्यूज**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में 'खेलो इंडिया संवाद—खेल की बात, प्रधानमंत्री मोदी के साथ' वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं और खिलाड़ियों के साथ संवाद करते हुए खेलों के महत्व, फिटनेस, युवा नेतृत्व तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विचार साझा किए। उन्होंने युवाओं को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। खेलों के माध्यम से युवा स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। प्रधानमंत्री ने भारत के खेल क्षेत्र में हो रही प्रगति, उभरती खेल प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने, आधुनिक खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने तथा भविष्य की अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को तैयार करने जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से फिट इंडिया, नशामुक्ति और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश की युवा शक्ति भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और खेल इस दिशा में प्रभावी माध्यम बन सकते हैं।

**प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम के दौरान देशवासियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि भारतीय हॉकी टीम एक सौ वर्ष पूर्व न्यूजीलैंड के दौरे पर गई थी और उन्होंने भी गत दिनों न्यूजीलैंड का दौरा किया है। मेजर ध्यानचंद ने सौ वर्ष पूर्व रिश्तों की जो नींव रखी थी भारत निरंतर उस पर काम कर रहा है।



**प्रतिस्पर्धा के दौर में लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत जरूरी : प्रो. बलदेव राज काम्बोज**

कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए सफलता अवश्य प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के सर्वांगीण विकास में शिक्षा और खेलों का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में संसाधनों की कोई कमी नहीं है इसलिए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल कूद प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बॉक्सर खिलाड़ी निश्चल ने भी अपने विचार साझा किया। कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई। मंच का संचालन अशु शर्मा ने किया। डॉ चंद्रशेखर डागर ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सिटी पल्स | 27.08.2026 | ----- | ---- |

p

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर हकृवि में हुई क्रॉस कंट्री में छात्रों में अर्श, छात्राओं में दामिनी रही प्रथम

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के शहीद उधम सिंह क्रिकेट स्टेडियम में खेल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र एवं छात्राओं की क्रॉस कंट्री रेस तथा विद्यार्थियों एवं स्टाफ के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई जाती है। खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



राष्ट्रीय खेल दिवस पर विजेता को पुरस्कृत करते कुलपति बी. आर. काम्बोज।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे नियमित खेल गतिविधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी बढ़ चढ़कर भाग लें।

इस अवसर पर आयोजित क्रॉस कंट्री रेस (छात्र) में अर्श ने प्रथम, हर्ष ने द्वितीय तथा सचिन ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार क्रॉस कंट्री रेस (छात्राओं) में दामिनी प्रथम, पूजा द्वितीय तथा प्रियांशु तीसरे स्थान पर रही। इस डॉ. मदन खीचड़, डॉ. सुशील लेगा, साई के अधिकारी, कोच सहित कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।